बिहार सरकार
शिक्षा विभाग

।। अधिसूचना ।।

संचिका सं०-मा० शि०/स्था०१०-89/2015-2694 पटना, दिनांक-27/11/2023

विषय :- वर्ष 2024 हेतु अवकाश तालिका।

कैलेण्डर वर्ष-2024 में सभी प्रकार के राजकीय/राजकीयकृत एवं अल्पसंख्यक सहायता प्राप्त उर्दू (प्रारंभिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक) विद्यालय/मकतब की अवकाश तालिका जारी की जा रही है। अवकाश तालिका को जारी करने के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE) के तहत तय बाध्यता का पालन हो कि प्रारंभिक विद्यालयों में कम-से-कम 220 दिन अध्यापन हो। साथ ही, चूँकि नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी घोषित करने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन हैं, अतः इन पर भी राज्य सरकार द्वारा तय सरकारी अवकाश लागू होंगे। इस क्रम में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या-16953, दिनांक 05 सितम्बर, 2023 एवं अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग के आदेश ज्ञापांक-859 दिनांक-22.7.2019 को दृष्टिगत रखते हुए सरकारी विद्यालयों में वर्ष 2024 हेतु राज्य के सभी राजकीय/राजकीयकृत एवं अल्पसंख्यक सहायता प्राप्त उर्दू (प्रारंभिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक) विद्यालय/मकतब में अवकाश तालिका निम्न रूप से निर्धारित की गयी है:-

अवकाश तालिका

क्र.	अवकाश का नाम	तिथि	अवकाश की संख्या	अवकाश के दिन
1	गुरु गोविन्द सिंह जन्म दिवस	17 जनवरी, 2024	1	बुधवार
2	गणतंत्र दिवस	26 जनवरी, 2024	1	शुक्रवार
3	संत रविदास जयंती	24 फरवरी, 2024	1	शनिवार
4	शब-ए-बारात	26 फरवरी, 2024	1	सोमवार
5	बिहार दिवस	22 मार्च, 2024	1	शुक्रवार
6	होली	26 एवं 27 मार्च, 2024	2	मंगलवार एवं बुधवार
7	गुड फ्राईडे	29 मार्च, 204	1	शुक्रवार
8	ईदु उल फितर (ईद)	10, 11 एवं 12 अप्रैल, 2024	3	बुधवार, गुरूवार एवं शुक्रवार
9	भीम राव अम्बेडकर जन्म दिवस	14 अप्रैल, 2024	1	रविवार
10	ग्रीष्मावकाश	15 अप्रैल 2024 से 15 मई 2024 तक	30	सोमवार ..... बुधवार
11	बुद्ध पूर्णिमा	23 मई, 2024	1	गुरुवार
12	ईदुल-जोहा (बक्रईद)	18, 19 एवं 20 जून, 2024	3	मंगलवार, बुधवार एवं गुरूवार
13	कबीर जयंती	22 जून, 2024	1	शनिवार
14	मुहर्रम	17 एवं 18 जुलाई, 2024	2	बुधवार एवं गुरूवार

15	स्वतंत्रता दिवस	15 अगस्त, 2024	1	गुरुवार
16	चेहल्लुम	25 अगस्त, 2024	1	रविवार
17	हजरत मुहम्मद साहब जन्म दिवस	16 सितम्बर, 2024	1	सोमवार
18	दुर्गा पूजा (सप्तमी)	10 अक्टूबर, 2024	1	गुरुवार
19	दुर्गा पूजा	11 एवं 12 अक्टूबर, 2024	2	शुक्रवार एवं शनिवार
20	दीपावली	31 अक्टूबर, 2024	1	गुरुवार
21	छठ पूजा	07, 08 एवं 09 नवम्बर, 2024	3	गुरुवार, शुक्रवार एवं शनिवार
22	क्रिसमस	25 दिसम्बर, 2024	1	बुधवार
		कुल	60 दिन	

1. राज्य के सभी राजकीय/राजकीयकृत एवं अल्पसंख्यक सहायता प्राप्त उर्दू (प्रारंभिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक) विद्यालय/मकतब उपरोक्त अवकाश तालिका के अनुसार ही बंद रहेंगे।
2. ग्रीष्मावकाश (क्रमांक–12) केवल विधार्थियों के लिए है एवं प्रधानाध्यापक/ अध्यापक/ शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी सरकारी कैलेण्डर के अनुसार विद्यालय में आएंगे एवं अन्य शैक्षणिक/प्रशासनिक/कार्यालीय कार्य निष्पादित करेंगे। इस दौरान Parent-Teacher Meeting होती रहेगीं। वैसे छात्र, जो शिक्षा के अधिकार (संशोधन) अधिनियम 2019, सह–पठित बिहार सरकार की अधिसूचना–287 दिनांक–28.02.2019 की परिधि में आते हैं, उनकी भी विशेष कक्षाएँ चलेंगी तथा विशेष परीक्षाऐं ली जायेगी।
3. सभी प्रारंभिक एवं माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय "मानक टाईम टेबल" का पालन करेंगे। मानक टाईम टेबल अलग से अधिसूचित किया जायेगा।
4. किसी जिले विशेष में किसी विशेष अवसर पर यदि जिला पदाधिकारी किसी प्रकार का अवकाश घोषित करना चाहें तो उन्हें मुख्यालय स्तर पर शिक्षा विभाग से पूर्वानुमति लेना आवश्यक होगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी अपने स्तर से कोई अवकाश घोषित नहीं करेंगे।
5. किसी भी सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक अपने स्तर से विद्यालय अवकाश की घोषणा नहीं करेंगे अन्यथा उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।
6. सभी विद्यालयों में वार्षिकोत्सव, गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस एवं गाँधी जयंती एवं **अन्य महापुरूषों** की जयन्ती मनायी जाएगी।
7. गुरूवार को विद्यालय में पूरे दिन गतिविधि रहेगी। भोजनावकाश तक अध्यापन का कार्य होगा। भोजनावकाश के बाद अभिभावकों के साथ बैठक एवं बाल संसद आयोजित की जायेगी।
8. चाँद के दृष्टिगोचर होने के अनुसार मुस्लिम अवकाश की तिथि में परिवर्तन हो सकता है, जिसकी अधिसूचना भी ससमय शिक्षा विभाग द्वारा अलग से निकाली जाएगी।
9. आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए ग्रीष्मावकाश की छुट्टी में परिवर्त्तन किया जा सकता है, जिसकी अधिसूचना शिक्षा विभाग द्वारा अलग से निकाली जाएगी।